सुन ले श्याम साँवरे भाग जगा दे मेरे भजन लिरिक्स

सुन ले श्याम साँवरे,
भाग जगा दे मेरे,
मैं आया दर तेरे,
भाग जगा दे मेरे,
हम है पागल तेरे,
भाग जगा दे मेरे,
सुन लें श्याम सांवरे,
भाग जगा दे मेरे।bd।

तर्ज – सारी दुनिया छोड़ के।

तीन बाण धारी हो तुम,
मेरी जीवन नैया के अब,
तुम ही किनारे हो,
पतवार हवाले तेरे,
भाग जगा दे मेरे,
सुन लें श्याम सांवरे,
भाग जगा दे मेरे।bd।

तूने दिया है सबकुछ,
जो भी मेरे पास है,
तेरी है किरपा सारी,
मेरी क्या औकात है,
शुकर करूँ मैं तेरे,
भाग जगा दे मेरे,
सुन लें श्याम सांवरे,
भाग जगा दे मेरे।bd।

मन में है इच्छा बाबा,
खाली नहीं जाऊंगा,
भजन तेरे गाकर बाबा,
तुझको रिझाऊंगा,
मैं आया दर तेरे,
भाग जगा दे मेरे,
सुन लें श्याम सांवरे,
भाग जगा दे मेरे।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

सुन ले श्याम साँवरे,
भाग जगा दे मेरे,
मैं आया दर तेरे,
भाग जगा दे मेरे,
हम है पागल तेरे,
भाग जगा दे मेरे,
सुन लें श्याम सांवरे,
भाग जगा दे मेरे।bd।

Singer – Dinesh Kumar Vats

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com